यदि प्रेम या प्रेमयुक्त मिलन की सभी इच्छाएं स्वयं के रोमांटिक सुखों के लिए या स्वयं की खुशी के लिए हैं, तो यह स्वार्थी प्रेम है और यदि ये सभी इच्छाएं प्रियतम को खुश करने के लिए हैं, तो यह निष्काम प्रेम है।

मथुरा की एक महिला, कुब्जा ने कृष्ण को अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए उनसे रोमांस करने के लिए प्यार किया, जबकि वृंदावन के गोपियों ने कृष्ण से निस्वार्थ प्रेम किया। निस्वार्थ प्रेम सबसे ऊपर है और यही प्रेम हर व्यक्ति का लक्ष्य होना चाहिए।

अब एक बड़ा सवाल - क्या कृष्ण (ईश्वर) किसी भी भौतिक व्यक्ति की तरह है कि अगर कोई उससे प्यार करता है, तो वह उसे सभी कष्टों से मुक्त कर देगा और यदि कोई व्यक्ति उसे प्यार नहीं करता है, तो भगवान उसे पीड़ित करेगा ??

www.shreeradha.com
shreeradha.eschool@gmail.com
WhatsApp +91 9423209132

इसका उत्तर यह है कि ईश्वर दिव्य है और इसलिए जब कोई भी ईश्वर से प्रेम करता है, तो उसका मन ईश्वर के साथ जुड़ जाता है और ईश्वर की दिव्य धारा संबंधित व्यक्ति के मन में प्रवाहित हो जाता है और अंततः सतत ईश्वरीय दिव्य धारा मन में लेने से हृदय का मायिक स्वरूप धीरे धीरे मिटता जाता है और मन 100% शुद्ध हो जाता है। तब भगवान या गुरू इसे दिव्य बना देते है। ये दिव्य अंतःकरण अनंत सुख को धारण करने में सक्षम हो जाता है और इस प्रकार भगवान या गुरू अपने प्रेमी पर कृपा करके उसके मन में दिव्य प्रेम डाल देते है। ऐसा व्यक्ति मृत्यु से परे हो जाता है। अन्य सभी दुःखों से मुक्त हो जाता है और स्थायी रूप से अनंन्त काल के लिए अनन्त प्रेम आनंद प्राप्त करता है।

केवल प्रेम करने पर ही भगवान की कृपा होती है ऐसा नही है। किसी भी भाव से मन का भगवान से एक हो जाना जरूरी है जिससे कि भगवान की दिव्यता मन को शुद्ध कर सकें।

कंस ने भय से, शिशुपाल ने द्वेष से, राक्षसों ने शत्रुता से, गोपियों ने प्यार से भगवान के साथ मन को एक किया। सबको अनंत सुख मिला।

लेकिन संसारी व्यक्ति के पास इसी दिव्यता का अभाव है, उसका मन भौतिकवादी इच्छाओं से भरा है और इसलिए संसारी व्यक्ति के प्रेमी का मन अधिक अशुद्ध हो जाता है क्योंकि प्रेम संबंध से अशुद्ध सामग्री प्रेमी के मन में बहती है। इस मन को दिव्य में नहीं किया जा सकता और इसलिए संसारी प्रेमी को मृत्यु और अन्य सभी कष्टों को भोगना पड़ता है।

निष्कर्ष ये है कि ईश्वरीय क्षेत्र में प्रवेश पाने के लिए दिव्य व्यक्तित्व से ही प्यार करना चाहिए।

www.shreeradha.com
shreeradha.eschool@gmail.com
WhatsApp +91 9423209132